तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 1 सितंबर 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

8 खाद की किल्लत से जूझ रहे किसान...

9 स्व-सहायता समूहों की सफलता की कहानियां...


# घाटी में सड़क बनी पर स्वास्थ्य सुविधाएं नदारद, एक एएनएम के भरोसे आधा दर्जन गांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक के ककनार घाटी में सड़क तो बन गयी है, पर गांव में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है। रात में अचानक बीमार पड़ने पर लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। घाटी के नीचे से ब्लॉक मुख्यालय की दूरी अधिक होने के कारण एम्बुलेंस सेवा भी समय पर नहीं मिल पाती है। बताया गया है, कि ककनार में एक एएनएम तैनात है,जिस पर आधा दर्जन गांव की जिम्मेदारी है। हालांकि अब भी क्षेत्र के लोग सिरहा-गुनिया पर भरोसा करते हैं और सबसे पहले झाड़-फूंक करवाते हैं। उल्लेखनीय है कि घाटी में सड़क बनने के बाद से अब लोग रात में भी घाटी चढ़ते हैं,लेकिन रात में जंगली जानवरों का खतरा बना रहता है,वहीं घाटी के नीचे वाहनों की भी सुविधा बहुत कम है, इसलिए अचानक बीमार होने पर ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ककनार घाटी के नीचे पुसपाल निवासी बुधसन मौर्य व सुरेश पोयाम ने बताया कि घाटी में सड़क बनने के बाद सभी तरह की सुविधा मिलने की उम्मीद थी, पर अब तक स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पायी है। उन्होंने कहा कि ब्लॉक मुख्यालय लोहण्डीगुड़ा में अस्पताल है, लेकिन दूरी अधिक है, इसलिए घाटी नीचे एक स्वास्थ्य केन्द्र की जरूरत है।

अलग खबर

## अचानक बीमार पड़ने से रात में घाटी चढ़ना होता है लोगों को मुश्किल

### घाटी के नीचे आधा दर्जन से अधिक गांव

ककनार घाटी नीचे आधा दर्जन से अधिक बसे हुए हैं, जिनमें ककनार, पालम, महिमा, पुसपाल, धर्माबिड़ा आदि गांव शामिल हैं। दशकभर पूर्व तक घाटी के नीचे नक्सलियों का दबदबा था, लेकिन अब कोई समस्या नहीं है। बावजूद अब तक स्वास्थ्य सुविधा नदारत है।



### पुलिस कैम्प स्थापित होने से शांति

ककनार और परोदा में पुलिस कैंप की स्थापना के बाद से क्षेत्र में शांति आयी है,पर लोगों को अब भी मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पायी है। यहां फोर्स की तैनाती के बाद भी विकास के लिए ग्रामीण तरस रहे हैं। गांवों तक पक्की सड़क भी नहीं बन पायी है, जिसके कारण बरसात के मौसम में ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप



### माता दंतेश्वरी सहित अन्य देवी मंदिरों में जलेंगे ज्योत कलश

**जगदलपुर।** गणेश चतुर्थी पर्व पश्चात 22 सितंबर से नवरात्रि पर्व को लेकर अभी से तैयारी प्रारंभ हो गई है। बस्तर की आराध्य माता दंतेश्वरी मंदिर समेत बस्तर अंचल में विराजी अन्य देवी मंदिरों ने श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना द्वीप प्रज्वलित किया जाता है। संभाग मुख्यालय स्थित दंतेश्वरी मंदिर में नवरात्रि पर्व को लेकर मनोकामना द्वीप प्रज्वलित करने अभी से श्रद्धालु मंदिर में अपने नाम पंजीयन करा रहे है। 31 अगस्त तक 90 तेल और 25 घी दीप के लिए श्रद्धालुओं ने पंजीयन कराए है। आने समय मे हजारो की संख्या में श्रद्धालु मनोकामना द्वीप प्रज्वलित करते है।

### रासेयो के स्वयंसेवकों ने की कॉलेज परिसर की सफाई



**जगदलपुर।** आज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश देवांगन के मार्गदर्शन,सहायक कार्यक्रम अधिकारी प्रीति किस्पोट्टा के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय के परिसर की साफ सफाई किया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवक भुवनेश्वर कश्यप ने कहा कि हम लगातार यह प्रयास करते हैं कि एक कदम स्वच्छता की ओर हमेशा बढ़ते रहे। आज इस इकाई की कक्षा का आयोजन यहां पर किया गया था। जहां पर सुबह साढ़े 7 बजे करीबन 50 स्वयंसेवक उपस्थित रहे। जिनके द्वारा परिसर की साफ सफाई के साथ-साथ व्यायाम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया।

### मटर 200 रुपए किलो में बिका तो फूलगोभी 100 रुपए में



**जगदलपुर।** बारिश के बावजूद रविवार को साप्ताहिक बाजार में शहरीय के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के खरीददारों की भीड़ रखी रही, लेकिन शाम को बारिश होने से खरीददार बाजार से गायब हो गए। बाजार में मटर पहुंचा, लेकिन रायपुर का मटर शहर के बाजार में 200 रूपए किलो में बिक रहा है। इस रविवार को बाजार में टमाटर 35, करेला 80, फूलगोभी 100, पत्तागोभी 40, भिंडी 60, आलू 30, प्याज 30, अदरक 180, लहसून 250 रूपए किलो और लालभाजी 20 रूपए में 6 जूड़ी बिक रहा है।

### स्वदेशी मेला को लेकर बचेका में हुई बैठक



**जगदलपुर।** स्वदेशी मेला में सभी कार्यकर्ताओ के दायित्व व मेले मे भूमिका क्या रहेगी ऐसे कार्यों का विभाजन किया गया। स्वागत समिति के अध्यक्ष श्याम सोमानी ने बताया की पुरे देश मे स्वदेशी की लहर है और हम बस्तर वासियों के लिए सौभाग्य का विषय है की स्वदेशी जागरण मंच की इकाई द्वारा बस्तर मे पहली बार वृहत स्वदेशी मेला का आयोजन किया जा रहा है, उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया की सभी कार्यकर्ता बंधु भगिनी अपना मूल्यवान समय देकर इस आयोजन को सफल बनाएंगे। मेले के संयोजक किशोर पारेख ने कार्यकर्ताओ के कार्यों और दायित्वों का बोध कराया, बैठक में उपस्थिति मात्र शक्तियों ने प्रतियोगिताओं ⏭ शेष पेज 8 पर

## आयोजन : पार्षदों एवं जिला प्रशासन के बीच रस्साकसी प्रतियोगिता

# 800, 400, 200 और 100 मीटर फर्राटे में बच्चों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ फिट इंडिया मूवमेंट का हुआ समापन समारोह



जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम में तीन दिनों से चल रही फिट इंडिया मूवमेंट की विविध खेल एवं फिटनेस गतिविधियों का समापन समारोह रविवार को भव्य रूप से आयोजित हुआ।

समापन दिवस पर 800, 400, 200 और 100 मीटर दौड़ स्पर्धाओं में बालक-बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन किया। इसके साथ ही पार्षदों की 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता तथा पार्षदों एवं जिला प्रशासन के बीच रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन मुख्य आकर्षण रहा। नगर निगम की ओर से महापौर संजय पाण्डे ने नेतृत्व किया। वहीं जिला प्रशासन की ओर से अपर कलेक्टर एवं सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग ऋषिकेश तिवारी ने कमान संभाली। रोमांचक मुकाबले में महापौर की टीम विजयी रही। समापन अवसर पर तीन दिनों तक आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। महापौर ने अपने उद्बोधन में कहा कि फिट इंडिया मूवमेंट से समाज में स्वास्थ्य और खेलों के प्रति जागरुकता बढ़ी है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं प्रभारी कलेक्टर प्रतीक जैन ने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन निरंतर ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करता रहेगा। कार्यक्रम के अंत में सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग ऋषिकेश तिवारी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों से लेकर आम नागरिकों तक, सभी की सहभागिता ने इस आयोजन को सफल बनाया है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष खेल सिंह देवगांव, नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा सहित नगर निगम के एमआईसी मेंबर पार्षद एवं गणमान्य नागरिक निर्मल पनिग्रही,लक्ष्मण झा, योगेन्द्र पांडेय, राणा घोष,त्रिवेणी रंधारी,कलावती कसेर,श्वेता बघेल,संग्राम सिंह राणा,संजय विश्वकर्मा,प्रकाश झा,अविनाश श्रीवास्तव, यशवंत ध्रुव,पारुल बोथरा,आशा साहू, दिलीप दास, खगेंद्र सिंह ठाकुर, श्याम सुंदर बघेल,संतोष गौर,बसंती समरथ एवं उर्मिला यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही। खेल विभाग से कीड़ा अधिकारी वेदप्रकाश सोनी,सुनील पिल्लै,कोटेश्वर नायडू, श्रावण साहू,चंद मोहन वर्मा,अतुल शुक्ला एवं प्रदीप साहू भी उपस्थित थे।

# बारिश के चलते पोल, तार टूटने से 4 गांव में 6 दिन से बिजली नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ बंद बिजली को बहाल करने में जुटे विद्युत कंपनी के 25 कर्मचारी

बारिश एवं बाढ़ के चलते 6 दिन पूर्व कोलेंग क्षेत्र के 4 गांव के विद्युत लाईन के पोल और तार टूट गए, जिससे अब तक चारों गांवों में अंधेरा है, ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक बिजली नहीं होने से ग्रामीणों के मोबाइल बंद हो गया है। हालांकि विद्युत कंपनी जगदलपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम, सहायक अभियंता अरविंद खोबरागढ़े ने टीम के साथ चारों गांव के विद्युत लाइन निरीक्षण किया। उसके बाद से लगभग 25 विद्युत कर्मचारी चोरों गांवों की बंद बिजली को बहाल करने में जुटे हुए हैं। बताया जा रहा है कि शीघ्र ही गांव की बिजली बहाल होने की संभावना है। यह क्षेत्र नक्सल प्रभावित होने के बाद भी कर्मचारी रात में भी ग्रामीणों की सुविधा के लिए पोल में चढ़कर काम कर रहे हैं।

### देर रात तक बहाल होगी बिजली

*कंपनी के एसई एनके पोयाम ने बताया कि ग्रामीणों की सुविधा के लिए बंद बिजली को बहाल करने में जुटे हुए हैं। देर रात तक चारों गांव की बिजली बहाल होने की संभावना है।*

# ग्राम मांदर के बाढ़ पीड़ितों को हर संभव सहायता दी जाएगी, राहत कार्य निरंतर जारी : पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ बाढ़ प्रभावित ग्राम मांदर पहुँचा भाजपा का दल, बाढ़ पीड़ितों से मिले, राहत सामग्री उपलब्ध करायी

लोहण्डीगुड़ा क्षेत्र के बाद प्रभावित ग्राम मांदर का शनिवार को भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कार्यकर्ताओं के साथ दौरा किया। भाजपा के दल ने बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात की, उनका हौसला बढ़ाया और राहत सामग्री का भी वितरण किया। भाजपा जिला अध्यक्ष पाण्डेय ने कहा कि बाढ़ आपदा से प्रभावितों को शासन द्वारा अविलंब सहायता उपलब्ध करायी जा रही है। राहत कार्यों में कोई भी कमी नहीं की जायेगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विदेश प्रवास के दौरान बस्तर में आयी बाढ़ आपदा को संज्ञान में लिया था और हर संभव सहायता व राहत कार्यों के लिये निर्देश दिये थे। भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से चर्चा कर बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में राहत कार्यों की जानकारी ली।



### ये रहे शामिल

इस दौरान भाजपा दल में योगेन्द्र पाण्डेय, रजनीश पाणिग्रही, नरसिंह राव, रोहित त्रिवेदी, बलदेव मण्डावी, अतुल सिम्हा, वीरेंद्र जोशी, मंगतूराम कश्यप, जनपद अध्यक्ष पद्मा कश्यप, जिला पंचायत सदस्य चन्द्रभान कश्यप, पाण्डू कोर्रामी , शिव नंदन पेगड़, बलिराम कश्यप आदि शामिल रहे।

# सीएमएचओ ने बाढ़ग्रस्त ग्राम का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



बस्तर जिले के प्रभारी सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह द्वारा जिला स्तरीय बैठक में दिए गए निर्देश के परिपालन में मुख्य चिकित्सा एवं अधिकारी डॉ. संजय बसाक द्वारा लोहंडीगुड़ा ब्लॉक के बाढ़ ग्रस्त गांव मांदर का दौरा किया गया। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रितेश सिंह, आईडीएसपी के नोडल अधिकारी डॉ. वीरेंद्र ठाकुर और जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रीना लक्ष्मी उपस्थिति रही। मांदर ग्राम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर में दी जा रही सेवाओं का अवलोकन कर आने वाले दिनों में होने वाली महामारी के आशंका को देखकर सभी आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा की व्यवस्था करने के निर्देश खंड चिकित्सा अधिकारी को दिए गए। गंभीर मरीज को तत्काल एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर करने की तैयारी रखने पर भी जोर दिया। इस अवसर पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर ईरकपाल का भी निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा इरिकपाल में बनाए जा रहे आयुष्मान आरोग्य मंदिर की नई बिल्डिंग ⏭ शेष पेज 8 पर

# मांदर में बाढ़ पीड़ितों को मिल रहे राहत स्वरूप डुप्लीकेट कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



हाल ही लोहंडीगुड़ा विकासखंड में आई बाढ़ से प्रभावित लोगों को त्वरित राहत पहुँचाने के लिए कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में प्रशासन की ओर से विशेष पहल की जा रही है। इसी कड़ी में मांदर क्षेत्र में बाढ़ पीड़ित परिवारों को राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड और जॉब कार्ड की डुप्लीकेट कॉपी बनाकर वितरण किया जा रहा है। बाढ़ में अनेक परिवारों के जरूरी दस्तावेज बह जाने या क्षतिग्रस्त हो जाने की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने यह व्यवस्था की है ताकि किसी भी पात्र हितग्राही को शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में बाधा न हो। जिला प्रशासन की पहल है कि जरूरतमंदों की सूची बनाकर शत-प्रतिशत पात्र परिवारों तक राहत सामग्री और आवश्यक दस्तावेज बनाने का कार्य जारी रहेगा। मांदर गांव की बाढ़ त्रासदी ने जहाँ अनेक परिवारों के बच्चों से उनका बचपन और पढ़ाई का सहारा छीन लिया, वहीं ऐसे कठिन समय में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, अलनार के संविदा शिक्षक भी पीछे नहीं रहे।विद्यालय के प्राचार्य अजय कोर्राम के नेतृत्व में संविदा शिक्षकों ने विद्यालय में पढ़ने वाले प्रभावित बच्चों को कॉपी, किताबें और स्कूल बैग उपलब्ध कराए। साथ ही बच्चों को जल्द से जल्द फिर से विद्यालय लौटने के लिए प्रेरित किया। इस कार्य में ⏭ शेष पेज 8 पर

## स्टार्टअप की चुनौतियों और संभावनाओं पर बस्तर में गूंजे युवा उद्यमियों के विचार

# जुनून और जिद से ही बदलता है देश, सम्मेलन में युवाओं को मिला संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ स्वावलंबी भारत के निर्माण की दिशा में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय




स्वावलंबी भारत के निर्माण और युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर के इनक्यूबेशन स्टार्टअप फाउंडेशन एवं कला अर्चना आर्ट स्टूडियो के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित इस सम्मेलन का विषय था बस्तर में स्टार्टअप के लिए चुनौतियां एवं संभावनाएं। बस्तर आर्ट गैलरी में हुए इस आयोजन में बड़ी संख्या में युवा उद्यमियों की भागीदारी ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवकर साहेब,संस्थापक च्यवन आयुर्वेदा हेल्थ केयर रायपुर ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं के भीतर यदि जुनून और दृढ़ इच्छाशक्ति हो, तो वे देश को बदलने की ताकत रखते हैं। उन्होंने कहा कि हम सब अपने भाग्य के निर्माता स्वयं हैं, आवश्यकता केवल अपने सपनों के प्रति जिद और समर्पण की है। स्टार्टअप की राह कभी आसान नहीं होती, कठिनाइयाँ और चुनौतियाँ अवश्य आती हैं। कुलपति प्रो मनोज श्रीवास्तव ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि भारत की आत्मा स्वदेशी में बसती है और बस्तर इसका सजीव उदाहरण है। उन्होंने कहा कि सतत विकास की चर्चा तो बहुत होती है, लेकिन अब आवश्यकता बहुआयामी विकास की है। उन्होंने आंकड़ों के साथ बताया कि प्रत्येक वर्ष करोड़ों युवा कार्यबल से जुड़ते हैं,लेकिन उनमें से केवल 10 से 12 लाख युवाओं को ही सरकारी या सार्वजनिक क्षेत्र में रोजगार मिल पाता है। ऐसे में युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए स्टार्टअप और उद्यमिता की दिशा में आगे आना होगा।

### भारत के बिना विश्व अधूरा



मुख्य वक्ता डॉ अनुज कुमार शुक्ला,सहायक प्राध्यापक, एनआईटी रायपुर ने वसुधैव कुटुंबकम की अवधारणा को आधार बनाते हुए कहा कि भारत के बिना विश्व अधूरा है,क्योंकि भारत हमेशा से विश्व कल्याण का कार्य करता रहा है। उन्होंने युवाओं को वैश्विक बाजार की प्रक्रिया,उसके अवसरों और चुनौतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# मन की बात में पीएम मोदी ने जम्मू कश्मीर का किया जिक्र

कहा- 'मेरा देश बदल रहा है मिले हैं दो खास तोहफे



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ प्रतापदेव वार्ड में मन की बात कार्यक्रम के 125 वां संस्करण का किया श्रवण

आज प्रतापदेव वार्ड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 125 वें संस्करण का श्रवण किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगस्त के आखिरी रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 125 वें एपिसोड में कहा कि भारी बारिश और भूस्खलन से बड़ा नुकसान हुआ। देश का पहला 'खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल' और वह भी श्रीनगर की डल झील में आयोजित हुआ। सचमुच,इस तरह के फेस्टिवल की मेजबानी के लिए यह एक विशेष स्थान है। पीएम मोदी स्वच्छ भारत अभियान, पर्यावरण संरक्षण, डिजिटल साक्षरता, महिला ⏭ शेष पेज 8 पर

## खबर संक्षेप

### कन्हारगांव में रेडियो वार्ता दीदी के गोठ सुनी गई

**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत कन्हारगांव में बिहान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित रेडियो कार्यक्रम दीदी के गोठ का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का संदेश तथा स्व सहायता समूह की दीदी द्वारा अपनी सफलता की प्रेरणादायी कहानी सभी ने सुनी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य देवेन्द्र टेकाम, विशेष अतिथि जनपद सदस्य वरुण खापर्डे, सरपंच विमला गोटा, पंच छत्रपाल यदु, सचिव कुमुदनी खरे सहित स्व सहायता समूह की सभी दीदियाँ उपस्थित रहीं।

### स्व सहायता समूह की दीदी ने सफलता की कहानी सुनाई

**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत भानबेड़ा में बिहान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित रेडियो कार्यक्रम दीदी के गोठ का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का संदेश तथा स्व सहायता समूह की दीदी द्वारा अपनी सफलता की प्रेरणादायी कहानी सभी ने सुनी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भानबेड़ा सरपंच ममता ठाकुर, उप सरपंच खेमलाल साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष जितेंद्र पांडेय, रमेश कोर्रोम, राजेश्वरी साहू, अनीता अरकरा, कन्हैया कुंजाम, सुशीला गायकवाड़, राजश्री रावटे एवं स्व साहयता समूह की सभी दीदीया उपस्थित रही।

### जान से मारने की नियत से युवक को दौड़ाया, ग्रामीणों ने बचाया

**कांकेर।** काम करने के बदले में पैसा नही देने से नाराज ग्रामीण ने गांव के ही युवक के साथ गाली गलौज कर उसे जान से मारने की धमकी दिया। आरोपी अपने हाथ में टंगिया लेकर पीड़ित को जान से मारने के लिए दौड़ाया। जैसे तैसे युवक ने अपनी जान बचाई, नही तो बड़ी घटना हो सकती थी। घटना के तीन सप्ताह बाद युवक ने थाना में शिकायत दर्ज कराया है। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे करप निवासी 42 वर्षीय शंकर देवदास पिता गोपाला राम देवदास ने पुलिस को बताया कि 9 अगस्त की शाम साढ़े 5 बजें करप निवासी राजू नेताम अपने हाथ में टंगिया लेकर स्कूल मैदान पास आया और मुझे देखकर बोला कि मै तुम्हारे पास काम किया हूं, उसका पैसा मुझे नही दे रहे हो। ऐसा बोलते हुए गाली दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए तुम्हारे पास काम करने के एवज में मुझे पैसा क्यो नही दे रहा कहते हुए टंगिया को लेकर मुझे दौड़ाया। उसके हाथ में टंगिया देखकर और उसके गुस्से देखकर मै डरकर वह से भागकर अपना जान बचाया हूं। आसपास मौजूद लोगो ने बीच बचाव नहीं किया होता, तो बड़ी घटना घटित हो सकती थी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी राजू नेताम के खिलाफ धारा 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## पेज 7 के शेष

### सीएमएचओ ने ....

का भी निरीक्षण किया गया और खंड चिकित्सा अधिकारी को बिल्डिंग में किए जा रहे हैं कार्य की गुणवत्ता को लेकर तत्काल संबंधित एजेंसी को सूचित करने को कहा गया।

### मांदर में बाढ़...

विद्यालय के सभी शिक्षक और कर्मचारी एकजुट होकर सहयोगी बने और अपने स्तर से हर संभव योगदान दिया।

### स्वदेशी मेला को....

और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए नाम सुझाये। स्वदेशी जागरण मंच के अंतर्गत स्वावलंबी भारत अभियान उद्यमिता प्रोत्साहन पखवाड़ा की जानकारी पूर्ण कालिक शंकर त्रिपाठी जी ने दी। महापौर संजय पांडे ने सभी कार्यकर्ताओं को स्वदेशी के प्रति कृतज्ञता बनाए रखने और मेले में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए सभी बंधु भगिनियों का आभार व्यक्त किया।

### मन की बात में ....

सशक्तिकरण और सामाजिक नवाचार जैसे मुद्दों पर जनता से सीधा संवाद करते रहे हैं। मन की बात कार्यक्रम में अतिथि नरेंद्र पाणिग्राही वार्ड पार्षद उमा मिश्रा, दीपिका गुप्ता, रत्ना मिश्रा,प्रेम नतानी, सूरज मिश्रा, शिरीष मिश्रा, संजू नामदेव सहित वार्ड वासी उपस्थित थे।

# सरकारी दुकान से अनाज वितरण में ग्रामीणों ने पकड़ी गड़बड़ी

## विक्रेता ने तीन की जगह दो माह का चावल दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धनोरा

अलग खबर

केशकाल राजस्व अनुविभाग एवं धनौरा तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम बंजोडा में सरकारी सस्ते अनाज वितरण में राशन विक्रेता द्वारा बरती जा रही गड़बड़ी का भंडाफोड़ ग्रामीणों ने किया है ।

बताया जाता है कि ग्राम पंचायत बंजोडा के सरपंच पंच ग्राम पटेल एवं ग्रामवासियों को राशन विक्रेता के घर में 5 बोरी चना रखें होने की जानकारी मिला । जिसके बाद गांव वाले विक्रेता हरिलाल मरकाम के घर जाकर देखें तो वहां पर 5बोरी चना मिला । यह खबर पूरे गांव में फ़ैल गया । जिसके बाद रविवार को गांव में खुली बैठक रखी गई जिसमें ग्रामवासियों ने सरकार द्वारा एक साथ तीन माह का चांवल दिये जाने की घोषणा पर गांव में राशन कार्डधारकों को मात्र दो माह का चांवल देने। चना एवं गुड़ न देने की बात ग्रामवासियों ने बताया । बैठक में राशन विक्रेता को भी बुलवाकर सबके सामने पूछताछ किया गया जिसमें उसने सितम्बर माह के चांवल को अगस्त में वितरण करना स्वीकार किया । जिसके बाद ग्रामवासियों के उपस्थिति में पंचनामा बनाया गया और पुलिस थाना धनौरा में कार्रवाई हेतु जानकारी दिया गया ।



### लिखित रिपोर्ट पर होगी कार्रवाई

इस संदर्भ में पुलिस थाना से जानकारी लिए जाने पर बताया गया विभागीय जांच करके कार्रवाई करने हमारे पास लिखित रिपोर्ट किया जाना जरूरी है। तब अपराध कायम करके कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



### ग्रामीणों में आक्रोश

गांव वालों में राशन वितरण में किए जाने वाले धांधली को लेकर जबर्दस्त आक्रोश है। उनका कहना है कि दुकान के विक्रेता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करके उसे तत्काल हटा देना चाहिए।

## मांग : पूर्व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष मरकाम के नेतृत्व में निकली बाइक रैली

# खाद की किल्लत से जूझ रहे किसान, कांग्रेस की बाइक रैली के बाद कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

■ स्थायी व्यवस्था करने की रखी गई मांग

प्रदेश सहित कोंडागांव जिले में इन दिनों किसान खाद की भारी कमी से परेशान हैं। बुआई के समय से लेकर अब तक उन्हें खाद के लिए दर–दर भटकना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि मजबूर किसान निजी विक्रेताओं से कई गुना अधिक दाम पर खाद खरीदने को मजबूर हैं। ग्रामीण अंचल में बिचौलियों ने खाद की कमी को अवसर बना लिया है। 250 रुपये की यूरिया किसानों को 1300 रुपये में मिल रही है। 1400 रुपये की डीएपी खाद 2500 रुपये में बेची जा रही है। किसान जानते हुए भी ऊंचे दाम चुका रहे हैं, क्योंकि फसल बर्बाद होने का डर उन्हें मजबूर कर रहा है। ग्रामीण किसानों का आरोप है कि विभाग मौन है और शासन–प्रशासन कहीं न कहीं खाद आपूर्ति रोककर किसानों की उपज को नुकसान पहुंचाने का काम कर रहा है। उनका कहना है कि अगर यही स्थिति बनी रही तो उन्हें भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बुधराम नेताम के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शनिवार को बाईक रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। बुधराम नेताम ने कहा, कांग्रेस सरकार के दौरान किसानों को लाभ हुआ था, उनकी आय में बढ़ोतरी हुई थी। आज भाजपा शासन में किसान स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। कांग्रेस हमेशा किसानों के साथ है और हम उनकी समस्याओं को आवाज देंगे।





### ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस ने की तीन मांग

*किसानों को त्वरित रूप से पर्याप्त मात्र में खाद उपलब्ध कराया जाए। बिचौलियों व निजी विक्रेताओं की मनमानी पर रोक लगाई जाए। भविष्य में किसानों को ऐसी कठिनाई न हो, इसके लिए स्थायी व्यवस्था की जाए। कांग्रेस ने साफ कहा है कि अगर खाद की आपूर्ति तत्काल नहीं सुधारी गई, तो आने वाले दिनों में कांग्रेस किसानों के साथ मिलकर आंदोलन करेगी।*

# एनएच–30 की खस्ताहाल सड़क व टोल टैक्स पर दिखी नाराजगी



**कोण्डागांव।** नेशनल हाईवे 30 रायपुर–जगदलपुर मार्ग की जर्जर स्थिति और मसोरा टोल नाके पर टैक्स वसूली को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस का कहना है कि जब तक सड़क दुरुस्त नहीं होती, तब तक टोल टैक्स वसूली बंद की जाए और जिले की जनता को राहत दी जाए।

एनएच–30 की हालत दिनों–दिन बदतर होती जा रही है। सड़क पर जगह–जगह गहरे गड्ढे हादसों को दावत दे रहे हैं। केशकाल मार्ग पर तो सड़क गायब होकर तालाबनुमा गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। इसके बावजूद यात्रियों से टोल टैक्स की वसूली लगातार जारी है। ग्रामीणों और यात्रियों का कहना है कि जब सड़क ही नहीं है, तो टोल वसूली जनता के साथ सीधा अन्याय है। कोंडागांव शहर की स्ट्रीट लाइटें पिछले कई महीनों से बंद पड़ी हैं। स्थानीय लोगों ने कई बार पत्राचार और मीडिया के माध्यम से आवाज उठाई, लेकिन नेशनल हाईवे अथॉरिटी और प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मसोरा टोल नाके का घेराव कर नारेबाजी करते हुए ज्ञापन सौंपा। उनकी प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं केशकाल सड़क की मरम्मत पूर्ण होने तक मसोरा टोल पर टैक्स वसूली बंद की जाए। कोंडागांव शहर की बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें तत्काल चालू की जाएं। एनएच–30 की मरम्मत जल्द से जल्द कराई जाए, ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लग सके। कोंडागांव जिले के वाहन मालिकों सीजी 27 पासिंग गाड़ियां को टोल टैक्स से छूट दी जाए।

**कांग्रेस की चेतावनी, होगा चक्का जाम** – कांग्रेस नेताओं ने कहा कि एक दिवसीय घेराव का उद्देश्य प्रशासन का ध्यान जनहित की मांगों की ओर आकर्षित करना था। यदि शासन–प्रशासन ने समय पर कार्रवाई नहीं की, तो आने वाले दिनों में कांग्रेस कार्यकर्ता इसी टोल नाके पर चक्का जाम आंदोलन करेंगे।

# गौवंश की कुचल कर हत्या में शामिल बस चालक व कंडक्टर को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



गौवंश पर पायल बस के चालक ने संतोषी मंदिर के पास बीती रात को लापरवाही एवं क्रूरतापूर्ण हरकत करते हुए सड़क के मध्य बैठी गौवंश को हटाने के बजाय जानबूझकर गौवंश पर बस को चढ़ा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। शिकायत मिलने पर पुलिस ने बस चालक एवं कंडेक्टर को गिरफ्तार कर जेल की सलाखों में भेजा गया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात 12 बजे के बाद शनिवार की सुबह साढ़े 12 बजे के आसपास जिला अस्पताल के आगे संतोषी मंदिर के पास हरे रंग के पायल बस क्रमांक सीजी 07 सीएल 7020 के चालक द्वारा गौ माता को ठोकर मारकर एक्सीडेट करने से मृत्यु होने की शिकायत मिलने पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ कांकेर थाना में अपराध क्रमांक 314/25 धारा 281, 325 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण एलिसेला के निर्देशन, एएसपी दिनेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी मोहसीन खान के पर्यवेक्षण में टीम गठित कर आरोपी वाहन चालक का पता तलाश किया गया।

इस दौरान कांकेर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि आरोपी राकेश सोनी पिता स्व. आनंद सोनी उम्र 47 वर्ष पता दुर्ग शंकर नगर जिला दुर्ग और ईरफान खान पिता स्व. अब्दुलाखान उम्र 42 वर्ष पता डिपरापारा गोपाल किराना के सामने जिला दुर्ग को माकड़ी से हिरासत में लिया गया। आरोपीगण से पुछताछ करने पर अपराध घटित करना स्वीकार करने पर 31 अगस्त को गिरफ्तार किया गया है। पृथक से आरोपीगणों के विरूद्ध धारा 126(2), 135(2),170 बीएनएस के तहत इस्तगाशा तैयार कर आरोपीगण को एसडीएम न्यायालय मे पेश किया गया और आरोपियों को जेल भेजा गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी मनीष नागर, प्रआर. सुरेश भुआर्य, आरक्षक श्रवण ठाकुर, आरक्षक राकेश बघेल, आरक्षक देवदत्त कड़ियाम एवं थाना पेट्रोलिंग टीम की अहम भूमिका रही।

# खिलाड़ियों में खेल भावना जगाने बैडमिंटन टूर्नामेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ इनर व्हील क्लब ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर किया आयोजन

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर इनर व्हील क्लब ने इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना और उ न में अनुशासन व खेल भावना का विकास करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर संजय पांडे शामिल हुए। उन्होंने कहा कि खेल में कोई हारता नहीं है। एक जीतता है तो दूसरा सीखता है। खिलाड़ी को प्रतिस्पर्धा की भावना से नहीं बल्कि खेल भावना से खेलना चाहिए। हारकर जीतने वाले को ही असली बाजीगर कहा जाता है।महापौर ने बच्चों को खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए उपयोगी हैं, बल्कि आत्मविश्वास, एकाग्रता और अनुशासन भी सिखाते हैं।टूर्नामेंट में बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया।





### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर रतन लाल जैन, क्लब की अध्यक्ष रेशमा चामड़िया, सचिव डॉ. प्रीति आजाद, डॉ. सरिता थॉमस, अरुणा जोबनपुत्रा, रीता माने, मोहिनी राठी, दीपिका सोनी, चंदनबाला मोदी, दिव्या कृष्णमूर्ति, सुषमा झा, मनी पिल्लई, विनीता अग्रवाल, पूजा जैन, अंशु गोंदी, तुषा सिंह, ममता राणा, रजनी, श्वेता कपूर सहित बड़ी संख्या में क्लब की सदस्य एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम से दीदियों की तरक्की के लिए अभिनव पहल

# महिलाओं के आत्मनिर्भर होने से परिवार को मिली नई ताकत एवं प्रेरणा : विधायक नेताम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत विशेष रेडियो कार्यक्रम दीदी के गोठ का प्रसारण 31 अगस्त से शुरू किया गया। स्व-सहायता समूह की दीदीयों को संबोधित करते हुए विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि सरकार द्वारा शुरू की गई दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम अभिनव पहल है, इससे स्व-सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को नई दिशा व प्रेरणा मिलेगी। वे अपने कार्य को नई ऊर्जा के साथ करते हुए आत्मनिर्भर बनेंगे। लखपति दीदी उससे भी आगे की आमदनी को प्राप्त करने के बारे में मेहनत करें। विभिन्न व्यवसाय मछली पालन, बकरी पालन, मुर्गी पालन के साथ ही अन्य लाभकारी व्यवसाय और आधुनिक खेती में भी सामूहिक रूप से कार्य करते हुए लाभ कमाया जा सकता है। महिलाएं जब आत्मनिर्भर होती हैं तो परिवार को भी एक नया ताकत मिलता है। ईर्ष्या-द्वेष से दूर रहकर सामूहिक भावना से साथ कार्य करते हुए अपनी मंजिल को प्राप्त करें और कांकेर जिले का नाम रोशन करें। श्री नेताम ने गांव को स्वच्छ और सुन्दर बनाने की अपील भी किया। कार्यक्रम को जिला पंचायत के उपाध्यक्ष तारा ठाकुर और सीईओ हरेश मंडावी ने भी संबोधित किया।





### रविवार से शुरू हुआ कार्यक्रम

दीदी के गोठ कार्यक्रम आकाशवाणी रायपुर केन्द्र सहित प्रदेश के सभी आकाशवाणी केन्द्रों से एक साथ प्रसारित किया गया। केन्द्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का शुभकामना संदेश के साथ बिहान योजना के दीदीयों की सफलता की कहानी उन्हीं के जुबानी में सुनाई। लखपति दीदी बनकला कश्यप ने बिहान योजना के अंतर्गत स्वसहायता समूह से जुड़ने के बाद आजीविका संवर्धन में मिली उपलब्धि की कहानी अपनी जुबानी बताई। दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को दोपहर 12.15 बजे नियमित रूप से प्रसारित किया जाएगा।

# स्वदेशी मेला को लेकर बचेका में हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

स्वदेशी मेला में सभी कार्यकर्ताओ के दायित्व व मेले मे भूमिका क्या रहेगी ऐसे कार्यों का विभाजन किया गया। स्वागत समिति के अध्यक्ष श्याम सोमानी ने बताया की पुरे देश मे स्वदेशी की लहर है और हम बस्तर वासियों के लिए सौभाग्य का विषय है की स्वदेशी जागरण मंच की इकाई द्वारा बस्तर मे पहली बार वृहत स्वदेशी मेला का आयोजन किया जा रहा है, उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया की सभी कार्यकर्ता बंधु भगिनी अपना मूल्यवान समय देकर इस आयोजन को सफल बनाएंगे। मेले के संयोजक किशोर पारेख ने कार्यकर्ताओ के कार्यों और दायित्वों का बोध कराया, बैठक में उपस्थिति मात्र शक्तियों ने प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए नाम सुझाये। स्वदेशी जागरण मंच के अंतर्गत स्वावलंबी भारत अभियान उद्यमिता प्रोत्साहन पखवाड़ा की जानकारी पूर्ण कालिक शंकर त्रिपाठी जी ने दी। महापौर संजय पांडे ने सभी कार्यकर्ताओं को स्वदेशी के प्रति कृतज्ञता बनाए रखने और मेले में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए सभी बंधु भगिनियों का आभार व्यक्त किया।

**गणपति बप्पा मोरिया**



जगदलपुर। डाड चौक धरमपुरा में गणेश की प्रतिमा विगत 20 वर्ष से स्थापना किया जा रहा है।

# कलेक्टर ने भैरव बाबा मंदिर परिसर व क्षतिग्रस्त इंटक वेल के मरम्मत जल्द करने दिए निर्देश

## नुकसान का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दन्तेवाड़ा



अति वर्षा जनित नुकसान का जायजा लेने के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा भैरव बाबा मंदिर परिसर तथा मुक्तिधाम परिसर का जायजा लिया और इसके पुनर्निर्माण कार्यों में तेजी से प्रगति लाने को कहा। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि परिसर में कई निर्माण कार्य बाढ़ से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मरम्मत एवं पुनर्निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए, ताकि आमजन को सुविधा मिल सके। विशेष रूप से इंटकवेल के पुनर्निर्माण कार्य में तेजी लाने पर जोर दिया गया।

संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए कि कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए। साथ ही क्लोरोनेशन कार्य को भी तेज करने की आवश्यकता जताई गई, ताकि लोगों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा मौजूद रहे।

## मांडर नाला व गणेश बाहर नाला पुलों का निरीक्षण



नगर पंचायत बारसूर क्षेत्र के मांडर नाला एवं गणेश बहार नाला के बीच बने वर्षा से क्षतिग्रस्त पुल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने तथा पुल के शीघ्र निर्माण के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि पुल के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है, जिससे आमजन, विद्यार्थी एवं किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है। पुल का निर्माण शीघ्र प्रारंभ कर गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के भी निर्देश दिए गए। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### व्यापारी कल्याण संघ का 15 सितंबर को चुनाव



किरंदुल। लौह नगरी किरंदुल में व्यापारी कल्याण संघ ने सुबह 11 बजे अंबेडकर भवन में बैठक रखा था। बैठक में हजारों की संख्या में व्यापारियों ने भाग लिया। व्यापारियों ने ससहमति से चुनाव कराने के लिए अपनी सहमति दी। इस बैठक को लेकर किरंदुल के व्यापारियों में उत्साह था और इतने सालों बाद इतनी अधिक मात्रा में किरंदुल के कोने-कोने से छोटे से लेकटर बड़े व्यापारी शामिल हुए। जो पूरे शहर में कौतूहल का विषय था। बैठक में चुनाव संचालन कमेटी का गठन किया गया। इस चुनाव संचालन कमेटी में बंटी अरोड़ा, जयदीप माखन, बिप्लव मल्लिक, रवींद्र सोनी, आरसी नाहक, आजाद सक्सेना, शैलेंद्र सिंह, विजय सोढ़ी, तपन दास को रखा गया है। इन सभी सदस्यों को चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी गई। चुनाव 15 सितंबर को करवाने की सहमति हुई बैठक के उपरांत सभी ने भोजन ग्रहण किया।

## दीदी के गोठ का जिले में हुआ प्रसारण

# स्व-सहायता समूहों की सफलता की कहानियां बनी मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत स्व-सहायता समूहों की सफलता की कहानियों पर आधारित विशेष प्रसारण दीदी के गोठ का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम राजधानी रायपुर से प्रसारित हुआ। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत मुकुन्द ठाकुर के मार्गदर्शन में सुकमा जिले के सभी जनपद एवं संकुल स्तरों पर एक साथ देखा और सुना गया।

■ मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री का संदेश

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्व-सहायता समूह की दीदियों को निरंतर आत्मनिर्भरता की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया। केंद्रीय मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास शिवराज सिंह चौहान ने अपने संदेश में ग्रामीण विकास की असली ताकत महिलाओं में निहित बताते हुए दीदियों को नवाचार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी अपने संदेश में समूहों को संगठित होकर कृषि एवं गैर-कृषि आधारित गतिविधियों को अपनाकर आजीविका बढ़ाने की बात कही।

### जिले में हुआ सामूहिक प्रसारण

जिला सुकमा के सभी जनपद पंचायतों एवं संकुल स्तरीय कार्यालयों में दीदी के गोठ का सामूहिक प्रसारण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के सदस्य, अन्य जनप्रतिनिधि, बिहान के अधिकारी-कर्मचारी, सक्रिय महिला कैडर एवं बड़ी संख्या में स्व-सहायता समूह की सदस्याएँ उपस्थित थी।

### लखपति दीदी बनने की प्रेरणा

जनप्रतिनिधियों ने अपने उद्बोधन में बिहान से जुड़ी महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि स्व-सहायता समूह की महिलाएँ संगठित होकर कृषि कार्य एवं व्यवसायिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाएँ। इससे न केवल उनकी आमदनी में वृद्धि होगी बल्कि वे लखपति दीदी बनने की दिशा में भी अग्रसर होंगी।

### दीदियों ने साझा की सफलता की कहानियां

कार्यक्रम में शामिल दीदियों ने बिहान से जुड़कर अपने जीवन में आए सकारात्मक बदलावों और सफलता की कहानियों को साझा किया।

## बालिकाओं को शिक्षा सुरक्षा व स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**सुकमा।** पीएम स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सुकमा में बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान एवं बालिका सुरक्षा माह अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 30 अगस्त को किया गया। कलेक्टर एवं जिला बाल संरक्षण समिति अध्यक्ष देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी शिवदास नेताम के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग के सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर छात्राओं को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारियां दी गईं। साथ ही बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट, बाल श्रम व तस्करी, शालात्यागी बालिकाएं, गुड टच-बैड टच, ऑनलाइन फ्रेंडशिप के खतरे और बचाव जैसे गंभीर विषयों पर चर्चा की गई। प्रतिभागियों को वीडियो माध्यम से जागरूक किया गया तथा जीवन में शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए सुरक्षित और सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में बाल संरक्षण अधिकारी सुश्री मनीषा शर्मा, चाइल्ड हेल्पलाइन काउंसलर लखेश्वरी, सुपरवाइजर अमित नाग एवं मुडा पोडियामी, विद्यालय के प्राचार्य पी. अनिल एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# शहर में 35 साल से गणपति की स्थापना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

हर साल की तरह बचेली के गणेश पंडाल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। विघ्नहर्ता गणेश के पूजा को लेकर शहर भर में उत्साह और उमंग है। लेकिन अंधेरी चौक में इसका माहौल अलग ही होता है।

समिति के सदस्य राजू शुभांकर ने बताया कि लगभग 30 से 35 सालों से यहां गणपति प्रतिमा विराजमान किया जा रहा है। मैं जनता को आमंत्रित करता हूं कि पंडाल का दर्शन करें बप्पा का आशीर्वाद ले। प्रेम तेलाम, हिमांशु, देवेंद्र, जीवन, विश्वाजीत राय, दीपक काटले ने कहा हर साल के भांति इस साल भी गणेश पूजा का आयोजन महाबल समिति द्वारा अँधेरी चौक मे किया गया है।

## निधन

### प्रकाश मूर्ति



**जगदलपुर।** आंध्र समाज के सदस्य महारानी वार्ड निवासी प्रकाश मूर्ति का लगभग 52 वर्ष की आयु में हृदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया। वे आंध्र समाज के सदस्य संजय मूर्ति एवं अजय मूर्ति के छोटे भाई और पत्रकार रवि पटनायक के मामा हैं। महारानी लक्ष्मीबाई गर्ल्स हाईस्कूल में पीटीआई के पद पर पदस्थ प्रकाश मूर्ति की अंतिम यात्रा देवांश के पीछे स्थित उनके पैतृक निवास से मुक्तिधाम के लिए निकाली गई।

# उर्वरक वितरण की पारदर्शिता पर जोर

## निरीक्षण में मिली अनियमितताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



कृषि विभाग बीजापुर की टीम ने शनिवार को जिले के विभिन्न आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित लैम्पस एवं निजी कृषि सेवा केंद्रों का निरीक्षण कर उर्वरक के भंडारण एवं वितरण की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान लैम्पस प्रबंधकों एवं निजी विक्रेताओं द्वारा भंडारित व वितरित उर्वरकों के भौतिक स्टॉक का मिलान पॉस मशीन में दर्ज आंकड़ों से किया गया। इस दौरान वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता और अनुशासनात्मक ढंग से कार्य करने पर विशेष जोर दिया गया। जिले के गंगालूर लैम्पस में 10.740 टन इसी तरह आवापल्ली में 33.20 टन, इलमिड़ी 195.79 टन, चिलकापल्ली 66.30 टन, बासागुड़ा 107.735 टन तथा बीजापुर स्थित धुरवा कृषि केंद्र 13.900 टन एवं बालाजी कृषि केंद्र, आवापल्ली 1.05 टन इस प्रकार जिले में कुल 428.715 टन उर्वरक वितरण की जांच में भौतिक स्टॉक व पॉस मशीन प्रविष्टियों में असंगतियां पाई गईं। निरीक्षण टीम ने लैम्पस प्रबंधकों और निजी दुकान संचालकों को दो दिनों के भीतर वास्तविक भौतिक स्टॉक के अनुसार पॉस मशीन में प्रविष्टि करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही चेतावनी दी गई है कि निर्धारित समय सीमा में अनुपालन न होने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

इस कारवाही में उप संचालक कृषि बीजापुर के निर्देश पर गठित इस टीम में सहायक संचालक कृषि, कृष्ण कुमार सिन्हा, अनुविभागीय कृषि अधिकारी, सीपी देवांगन एवं कृषि विकास अधिकारी, वीएस कुमार शामिल रहे।

# धरती आबा अभियान से जनजातीय गांवों में नई ऊर्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिला बीजापुर में 28 से 30 अगस्त तक तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रक्रिया प्रयोगशाला कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर संबित मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ नम्रता चैबे तथा नोडल अधिकारी देवेंद्र सिंह, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने अभियान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पहल केवल योजनाओं के क्रियान्वयन भर तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य जनजातीय गांवों में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ाकर आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की दिशा में ठोस विजन तैयार करना है। प्रयोगशाला में जिले के चारों जनपदों से शिक्षा, स्वास्थ्य, वन, पंचायत, ग्रामीण विकास एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण देकर उन्हें आदि कर्मयोगी और आदि सहयोगी की भूमिका में तैयार किया गया। ये प्रशिक्षक आगे गांव-गांव में जाकर आदि कर्मयोगी साथियों को प्रशिक्षित करेंगे। समापन अवसर पर ट्राईफेड, नई दिल्ली के असिस्टेंट मैनेजर वीके तिवारी ने जनजातीय समुदाय की सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण में भागीदारी की अहम भूमिका पर विस्तार से व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि आदि कर्मयोगी, आदि सहयोगी और आदि साथी ही वे कड़ी हैं, जो योजनाओं को धरातल तक पहुंचाकर जनजातीय समाज को मुख्यधारा से जोड़ेंगे। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य मैथ्यूस कुजूर, जिलाराम राणा एवं घासी राम नाग विशेष रूप से उपस्थित रहे। नोडल अधिकारी देवेंद्र सिंह ने सभी प्रशिक्षित अधिकारियों को अभियान की सफलता के लिए पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने की शपथ दिलाई। इस प्रशिक्षण में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर खेमलाल दाता, दिनानाथ गोसाईं, मनोज कावटी, नंदकुमार मारकोंडा एवं पीएल तांडिया का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# भोजन, शयनकक्ष से लेकर मेस पंजी तक की हुई गहन जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

■ पोटा केबिन एवं छात्रावासों का औचक निरीक्षण, बच्चों की सुविधाओं पर प्रशासन सख्त



कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार शनिवार को कोंटा विकासखंड के पोटा केबिनों एवं आरएमएसए छात्रावास का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण दल का नेतृत्व डिप्टी कलेक्टर सुश्री निधि प्रधान ने किया, जिसमें एपीसी आशीष राम एवं बीआरसी वीरभद्र राव सम्मिलित रहे। डिप्टी कलेक्टर सुश्री निधि प्रधान ने पोटा केबिन पैदाकुरती, एर्राबोर, कोंटा एवं मरईगुड़ा का निरीक्षण कर बच्चों के भोजन, शयनकक्ष, भवन की स्थिति, किचन व मेस हॉल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही शिक्षक एवं अनुदेशकों की उपस्थिति पंजी, चखना पंजी व मेस पंजी की जांच कर आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त कक्ष, शौचालय, बाउंड्री वॉल एवं मरम्मत कार्य की जरूरतों की जानकारी ली गई। अधिकारियों ने बच्चों, शिक्षकों एवं अनुदेशकों से सीधे संवाद कर उनकी मांग आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने स्पष्ट किया कि बच्चों की सुरक्षा, सुविधा और गुणवत्तापूर्ण व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# सीएम के निर्देश पर आपदा प्रभावितों की सहायता में तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दन्तेवाड़ा



मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय के निर्देशन में आपदा प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत प्रदान करने की दिशा में जिला प्रशासन सतत कार्य कर रहा है।

गौरतलब है कि जिले के सर्वाधिक प्रभावित ग्राम बालपेट, बांगापाल, तुमनार के प्रभावित परिवारों के खातों में विगत दिवस तक 1,91,29,000 की राशि भुगतान की जा चुकी है। इसी क्रम में आज कमिश्नर डोमन सिंह, जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत ने एवं दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी गाँव तुमनार पहुँचे और अति बारिश से प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि इस गांव में 52 घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं। तथा बचे हुए प्रभावित परिवारों को आगामी सोमवार तक पूरी राहत राशि कल तक उपलब्ध करा दी जायेगी। इसके साथ ही शाम 5 बजे कमिश्नर द्वारा मुख्यालय के चूड़ी टिकरापारा वार्ड पहुंचकर बाढ़ प्रभावित परिवारों से भी मुलाकात की साथ ही उनके पुनर्वास की स्थिति का मुआयना किया गया।

अधिकारियों ने पीड़ितों को भरोसा दिलाया कि भोजन, आवास, स्वास्थ्य व शिक्षा से जुड़ी सभी आवश्यक सुविधाएं जिला प्रशासन द्वारा प्राथमिकता से सुनिश्चित की जाएंगी। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा मौजूद रहे।

# मेजर ध्यानचंद की जयंती पर सद्भावना साइकिल रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरन्दुल



हाकी के जादूगर पद्मभूषण मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर मेटल माईंस वर्कर्स यूनियन इंटक किरंदुल के तत्वावधान में सद्भावना साइकिल रैली निकाली गई।

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर इंटक यूनियन के अध्यक्ष विनोद कश्यप एवं सचिव एके सिंह का मार्गदर्शन रहा। जो नगर के फुटबॉल ग्राउंड से प्रारंभ कर श्रमिक सदन इंटक भवन बस स्टैंड में समापन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर नगर के प्रतिभाशाली बच्चों, खिलाड़ियों में खेल के प्रति उत्साह बढ़ाना एवं खेल के महत्व, राष्ट्रीय गौरव, सांस्कृतिक विरासत, शारीरिक स्वास्थ्य, टीमवर्क, अनुशासन जैसे गुणों का विकास करते उन्हें अच्छे खिलाड़ी बनने के लिए प्रेरित करना है और वरिष्ठ हाकी खिलाड़ियों को सम्मान देना। परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक उत्पादन एवं मुख्य अतिथि केपी सिंह, विशिष्ट अतिथि किरंदुल पुलिस थाना के थाना प्रभारी संजय यादव, उप महाप्रबंधक मानव संसाधन तनवीर जावेद आदि अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर रैली का फूटबाल ग्राउंड से प्रारम्भ हुई। इस दौरान लगभग 100 से अधिक बच्चे, युवा, महिला व पुरुष मौजूद रहे तथा उनके अंदर का उत्साह दर्शकों का दिल छू लिया। इस अवसर पर सम्मिलित समस्त प्रतिभागियों, वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ियों, आमंत्रित अतिथियों, गणमान्य नागरिकों के श्रमिक सदन इंटक भवन पहुंचने पर यूनियन पदाधिकारियों ने पुष्प वर्षा एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। मुख्य अतिथि के कर कमलों से दीप प्रज्वलन तथा ध्यान चंद के चित्र में पुष्पांजलि अर्पित करते हुए जयंती समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। समस्त प्रतिभागियों, प्रतिभाशाली बच्चों और कराटे खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से मेडल से सम्मानित किया गया। साथ ही वरिष्ठ सेवानिवृत्त हाकी खिलाड़ी ने इस परियोजना में हाकी खेल को स्थापित किये मुरली चिंचोलकर, वेलडन राम को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया एवं उनके खेल प्रति बेहतर योगदान को याद किया गया। स्वागत उद्बोधन में रविश तिवारी ने सभी मंचासिन अतिथियों सेवाभावी सदस्यों के विशेष सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। उपस्थित मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि तथा आमंत्रित समस्त अतिथियों, एनएमडीसी प्रबंधन, पुलिस प्रशासन, गणमान्य नागरिकों, सभी विद्यालयों से पधारे पी टी आई टीचर एवं अन्य शिक्षकों तथा नगर के विभिन्न संगठनों के प्रमुख,पदाधिकारी, पत्रकार साथियों और नगर परिवार के सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापन जिया उल हशन के द्वारा दिया गया, मंच संचालन त्रिलोक बांधे ने किया।

पधारें अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रसंशा की तथा हर संभव मदद, सहयोग करने का सकारात्मक आश्वासन दिया।

## पीड़ित परिवारों को किचन सेट और हाईजीन किट दिए



बीजापुर। जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र भैरमगढ़ ब्लॉक के सुरोखी गांव के ग्रामीण परिवारों को कलेक्टर संबित मिश्रा के दिशा-निर्देश में रेडक्रॉस सोसायटी बीजापुर द्वारा 18 नग किचन सेट एवं हाईजीन किट का वितरण स्थानीय जनप्रतिनिधियों सरपंच, उप सरपंच के माध्यम से कराया गया। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र ग्राम सुरोखी के कुंजाम पारा के 18 परिवार के 86 सदस्यों को सुरोखी के राहत शिविर में रखा गया है। जिला प्रशासन द्वारा उन्हे सभी प्रकार की सुविधाएं मुहैया करायी जा रही है। सामग्री वितरण के दौरान रेडक्रॉस के जिला संगठक नरवेद सिंह सहित रेडक्रॉस के अन्य विद्यार्थीगण, स्कूल के प्राचार्य मौजूद थे।

## प्रभावितों की मदद करने पहुंचे वालंटियर्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शाउमावि कोठियागुड़ा विखं लोहंडीगुड़ा जिला बस्तर के वालंटियर्स द्वारा ग्राम पंचायत मान्दर में अतिवृष्टि बाढ़ होने से साहूकारपारा, पटेलपारा, चिखलापारा के प्रभावित लोगों के लिए एक दिवसीय राहत शिविर आयोजित किया गया। जिसके तहत क्षतिग्रस्त मकान के मलबे को अलग कर आवश्यक सामानों को निकाला गया व फल वितरण किया गया। सर्वेक्षण करके प्रभावितों से जानकारी ली गई व शिविर स्थलों के समीप साफ-सफाई भी किया गया। उमाशंकर ठाकुर प्राचार्य, अंतुराम नेताम व्याख्याता, मसूराम मण्डावी कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस के मार्गदर्शन से समापन हुआ। इस दौरान शालिनी तिवारी बीईओ लोहंडीगुड़ा के विद्यार्थियों का द्वारा उत्साहवर्धन किया गया।

**खबर संक्षेप**

## बलीराम कश्यप वार्ड में सुनी गई मन की बात



**जगदलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 125वां संस्करण रविवार को बलीराम कश्यप वार्ड में सामूहिक रूप से सुना गया। इस अवसर पर वार्डवासियों ने उत्साहपूर्वक एकत्र होकर प्रधानमंत्री के विचारों से स्वयं को जोड़ा। कार्यक्रम में महापौर संजय पांडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि 'मन की बात' केवल संवाद का माध्यम नहीं है, बल्कि यह देश की जनता को दिशा देने वाला एक प्रेरणास्रोत मंच है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी लगातार जनमानस से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कर लोगों को सकारात्मक कार्यों से प्रेरित करते हैं।उन्होंने सभी वार्डवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मन की बात हर नागरिक को समाज और राष्ट्र के लिए कुछ सकारात्मक करने की प्रेरणा देती है।अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने विशेष रूप से 'वोकल फॉर लोकल' की अवधारणा पर बल दिया।

## भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष का आत्मीय स्वागत



**जगदलपुर।** प्रदेश भाजपा कार्यालय में नवनियुक्त किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर एवं युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया के द्वारा छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जी. वेंकट को गुलदस्ता भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथों में सामूहिक रूप से सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले के प्रत्येक बूथ में आज भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 125 वां संस्करण सुना। पार्टी ने मन की बात सुनने के लिये मुख्य अतिथि एवं प्रभारी भी बनाये थे। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्र तक भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथों में गणमान्य नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया। मोदी ने मन की बात में वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने की बात कहते हुये गर्व से कहो, हम स्वदेशी है का नारा दिया। उन्होंने देशवासियों से स्वदेशी सामानों का अधिकाधिक उपयोग करने का आह्वान करते हुये कहा कि त्यौहारों में अपनों को स्वदेशी सामान उपहार में दें। आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत का स्वप्न मिलजुल कर एकजुटता से साकार करें। मन की बात में खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स का ज़िक्र किया एवं यूपीएससी परीक्षा की तैयारियों में जुटे परीक्षार्थियों के लिये प्रतिभा एप की भी जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने गणेशोत्सव की शुभकामनायें देते हुये मन की बात में विभिन्न विषयों को देशवासियों से साझा किया।

भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के ज़रिये देशवासियों से मुखातिब होते हैं। भारत सशक्त हो, आत्मनिर्भर बनें, राष्ट्र के प्रति प्रत्येक देशवासी समर्पित भाव से कार्य करें, इसकी प्रेरणा कार्यक्रम से मिलती है।

### मोदी ने हम स्वदेशी है का दिया नारा



**ये रहे शामिल**

बलीराम कश्यप वार्ड में महापौर संजय पाण्डेय, शिवमंदिर वार्ड में निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, भैरमदेव वार्ड में पश्चिमी नगर मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में पूर्वी नगर मण्डल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव, मोतीलाल नेहरू वार्ड में सुधीर पाण्डेय, सुन्दर लाल शर्मा वार्ड में योगेन्द्र पाण्डेय, अब्दुल कलाम वार्ड में श्रीनिवास मिश्रा सहित भाजपा के सभी बडे नेता व पदाधिकारियों ने अलग अलग बूथों में सामूहिक रूप से मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया। जिसमें आनंद मोहन मिश्रा,रजनीश पाणिग्राही, नरसिंह राव, आर्येन्द्र आर्य, मनोहर तिवारी, आलोक अवस्थी, सुरेश गुप्ता, संजय चंद्राकर, अतुल सिम्हा, शशिनाथ पाठक, योगेश शुक्ला, सुधा मिश्रा,दशरथ गुप्ता,बृजेश सिंह भदौरिया, ब्रिजेश शर्मा, विक्रम सिंह यादव, रमन चौहान, विनय राजू, दिनेश पाणिग्रही, अविनाश सिंह, सूर्य भूषण सिंह आदि शामिल रहे।

### दीदी के गोठ कार्यक्रम प्रसारण का जिले में ग्रामीणों सहित दीदियों ने किया श्रवण

# मुख्यमंत्री और केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री ने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- स्व-सहायता समूहों की सफलता की कहानियां बनी मिसाल

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए 'दीदी के गोठ' रेडियो कार्यक्रम की शुरुआत की है। इस कार्यक्रम के शुभारंभ पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने प्रेरणादायी संदेश दिए। उन्होंने महिलाओं के आत्मविश्वास और मेहनत से प्रदेश के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में आए सकारात्मक बदलाव पर जोर दिया और कहा कि यह पहल महिलाओं की आवाज को घर-घर तक पहुंचाएगी। कार्यक्रम में बिहान योजना से जुड़ी महिलाओं (दीदियों) की कहानियां उन्हीं की जुबानी सुनाई गईं, जिसमें उन्होंने अपनी संघर्षपूर्ण यात्रा और सफलता के बारे में बताया। इस कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी रायपुर सहित प्रदेश के सभी आकाशवाणी केंद्रों से किया गया। जगदलपुर स्थित जिला पंचायत के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री बलदेव मंडावी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन और एनआरएलएम के जिला कार्यक्रम प्रबंधक राजकुमार देवांगन सहित बड़ी संख्या में बिहान से जुड़ी महिलाओं ने मिलकर कार्यक्रम को उत्साहपूर्वक सुना। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्व-सहायता समूह की महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। साथ ही, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और समूह की सदस्यों ने पौधरोपण भी किया।





**महिलाओं की आवाज हर कोने तक पहुंचाना है**

दीदी के गोठ का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की आवाज को समाज के हर कोने तक पहुंचाना, उनके संघर्ष और उपलब्धियों को सामने लाना तथा उन्हें शासन की योजनाओं से जोड़कर सकारात्मक परिवर्तन की राह दिखाना है। कार्यक्रम में स्व-सहायता समूहों की सफल महिलाओं की कहानियां शामिल की गईं, जिनमें बताया गया कि कैसे उन्होंने कठिनाइयों को पार कर आर्थिक मजबूती हासिल की और समाज में नई पहचान बनाई।

**बिहान योजना से बदली जिंदगी**

आज छत्तीसगढ़ की लाखों महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं, और उनका जीवन बिहान योजना से सकारात्मक रूप से बदल गया है। इन प्रेरणादायी कहानियों को रेडियो के माध्यम से हर गांव और घर तक पहुंचाया जाएगा, ताकि अन्य महिलाएं भी आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सकें। यह पहल छत्तीसगढ़ में महिलाओं के सशक्तिकरण को नई गति प्रदान करेगी और राज्य के विकास में उनकी भूमिका को मजबूत बनाएगी।

# बस्तर में बाढ़ पीड़ितों के लिए दानदाताओं ने किया सहयोग



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- सेन परिवार और अनिता राज ने सौंपी सहायता सामग्री

बस्तर जिले में सोमवार और मंगलवार को हुई भारी बारिश के कारण आई बाढ़ ने कई लोगों को प्रभावित किया है। बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए स्थानीय प्रशासन सक्रिय है। इसके साथ ही विभिन्न सामाजिक संगठनों और व्यक्तियों ने पीड़ितों की मदद के लिए हाथ बढ़ाया। रविवार को दानदाताओं ने रेड क्रॉस सोसायटी के माध्यम से जिला प्रशासन को राहत सामग्री सौंपी। इसमें सांत्वना सेन के परिवार ने 60 नग बर्तन सेट, 100 कंबल और 100 बेडशीट रेडक्रॉस सोसाइटी के माध्यम से जिला प्रशासन को सौंपी। इसके साथ ही श्रीमती अनिता राज ने भी बाढ़ पीड़ितों की सहायता में योगदान दिया। उन्होंने कलेक्टर एवं बस्तर रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष हरीस एस को 11,000 रुपये की नकद राशि और 10 नग कंबल सौंपे। जिला प्रशासन ने अनिता राज के इस सहयोग के लिए उनका हार्दिक आभार माना। प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य जारी हैं, और ऐसी सहायता से पीड़ितों को तत्काल राहत मिल सकेगी।



# 9 से लेकर 90 वर्ष के खिलाड़ियों ने लगाई फर्राटा दौड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- खेल दिवस पर बस्तर जिला मास्टर्स एथेलेटिक्स एसोसिएशन की पहल

खेल दिवस मेजर ध्यानचंद स्मृति में बस्तर जिला मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा 9 वर्ष से लेकर 90 वर्ष बालक बालिकाओं,महिला पुरूष में तीन किलोमीटर दौड़, प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिसमे 9 वर्ष का हिमांशु कश्यप प्रथम, 13 वर्ष बालक में लुभाश यादव प्रथम,बालिका में रंजिता मंडावी प्रथम, 16 वर्ष बालक मोहित दास, बालिका सुनीता प्रथम, 21 वर्ष युवक कुलदीप बघेल युवती में ममता कश्यप प्रथम, 31 वर्ष पुरुष कुमाराम,प्रथम, 41 पुरुष मे लक्ष्मी मरावी प्रथम, 51 वर्ष पुरुष मे सोनारू राम भारती,महिला में अमरजीत रैय्या प्रथम, 61 वर्ष में बी उमाशंकर राव प्रथम 71 वर्ष महिला में कमला दुबे प्रथम रहे। 81 वर्ष महिला में प्रफुल्ल लता शर्मा प्रथम रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ बेवरेज कारपोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, अध्यक्षता माता रुक्मणि आश्रम डिमरापाल के संस्थापक पद्मश्री धर्मपाल सैनी, वेणु गोपाल राव, संस्था के वरिष्ठ संरक्षक नरसिंह रथ के उपस्थिति में एवं ऊषा श्रीवास्तव, अनीता राज,पूर्णिमा गुप्ता, ममता राव, डा केएल आजाद,रामचंद्र शाह, सतपाल शर्मा,किशन बरसानी द्वारा संस्था को सहयोग कर प्रतियोगिता को और अधिक सफल किया। संस्था ने सभी को सम्मानित करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया। अतिथियों ने प्रशिक्षक के सुजाता राव को भी स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस दौरान राजेन्द्र माली,नसीम कुरैशी, सुदीप महाराणा, केआर चौहान, बबला यादव व धरम सिंह नाग व अन्य सदस्यों ने भी सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाया। संस्था सचिव मोहम्मद हनीफ ने कार्यक्रम का आभार माना।

## गणेशोत्सव पर हुई विभिन्न स्पर्धा...



जगदलपुर। शहर के पुराना हाऊसिंग बोर्ड कालोनी में गणेशोत्सव पर बच्चों एवं महिलाओं की कुर्सी दौड़ सहित विभिन्न स्पर्धाएं हुई।

## एकलव्य विद्यालय में खेल दिवस पर हुई विविध प्रतियोगिता



**करपावण्ड।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर संस्था के प्राचार्य अमित कुमार पांडेय, उप - प्राचार्य डॉक्टर उषा शुक्ला एवं शिक्षक कर्मचारियों ने सर्वप्रथम हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी के छायाचित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर ,दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय खेल दिवस का शुभारंभ किया। प्राचार्य ने मेजर ध्यानचंद के खेल के प्रति समर्पण ,निष्ठा, मेहनत परिश्रम व उनके देशभक्ति पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को खेल भावना से उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करने का आह्वान किया। उप- प्राचार्य ने हॉकी के प्रति मेजर ध्यानचंद के योगदान पर अपना विचार प्रस्तुत करते हुए आगामी वर्षों में विद्यालय में हॉकी खेल प्रारंभ करने की बात कही। तत्पश्चात गंगा, गोदावरी, तापी व ब्रह्मपुत्र हाउस के मध्य वॉलीबॉल, बैडमिंटन, हैंडबॉल , खो - खो,जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़ जैसे प्रतियोगिता आयोजित किए गए। इस प्रतियोगिता में चारों हाउस के सभी छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और खेल भावना का परिचय देते हुए शानदार खेल का उदाहरण प्रस्तुत किया।

# वीर सावरकर भवन का होगा जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- महापौर ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

महापौर संजय पाण्डे ने एमआईसी सदस्य, पार्षदों व नगर निगम अधिकारियों के साथ शहर के वीर सावरकर भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि वर्षों से भवन में किसी भी प्रकार का रखरखाव (मेंटेनेंस) नहीं किया गया, जिसके चलते कई खामियां सामने आईं। महापौर ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दस वर्षों में वीर सावरकर भवन सहित कई बड़े परिसरों और निर्माण कार्यों का संरक्षण नहीं किया गया, बल्कि उनका सिर्फ दोहन हुआ। अब भाजपा की नगर सरकार में इन भवनों का जीर्णोद्धार कराया जाएगा। महापौर ने बताया कि भवन की मरम्मत पर लगभग 25 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसमें रंग-रोगन, सीलिंग, टॉयलेट, मंच, सामने की नालियों की मरम्मत और पूरे भवन में नया विद्युतीकरण शामिल है। चूंकि यह भवन शहरवासियों द्वारा विवाह, सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों के लिए उपयोग किया जाता है, इसलिए इसे सुविधाजनक बनाना आवश्यक है। महापौर ने भवन में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए। साथ ही भविष्य में भवन के अंदर एयर कंडीशनर लगाने की भी योजना है। उन्होंने भवन में रखे खंडहरनुमा सामान को व्यवस्थित करने के लिए भी कर्मचारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण में नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, श्वेता बघेल, नेहा ध्रुव, राजपाल कसेर, कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज, विरेन्द्र जोशी, विवेक जैन, शुभ शुक्ला सहित निगम का पूरा अमला मौजूद रहा।





## खेल को अपने जीवन से जोड़ें



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

खेल दिवस के अवसर पर शासकीय दतेश्वरी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल अधिकारी सत्यनारायण सोनंत के द्वारा आयोजित समारोह की शुरुआत प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर योगेंद्र मोतीवाला द्वारा किया कया। भारतीय खेलो के आदर्श मेजर ध्यानचंद को याद करते हुए खेल अधिकारी ने खेलों को अपने अपने जीवन से जोड़ने की बात कही। प्रभारी प्राचार्य ने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए खेल को जरूरी बताया। मानव विज्ञान की सहायक प्राध्यापक डॉ श्यामाचरण ने खेल को मानव विकास का जरूरी अंग बताया। भौतिकविज्ञान की सहायक प्राध्यापक वैष्णवी मांडवी ने महिलाओं को खेलों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर महाविद्यालय की होनहार खिलाड़ी मानसी गोंड एवं अन्य खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान जयश्री मंडल, ज्योति त्रिपाठी, डॉ प्रिंसी दुग्गा, डॉ बृजेश गौतम, डॉ गुलाब साहू डॉ तृप्ति खनंग, डॉ पूनम सोनी, डॉ आकांक्ष मिश्रा, डॉ आशीषधर दीवान एवं महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रही।

# नीट में चयनित छात्र डॉक्टर बनकर बस्तर में दें सेवा : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- बस्तर में ज्ञानगुड़ी कोचिंग सेंटर की सफलता

मुख्यमंत्री द्वारा उद्घाटित निःशुल्क कोचिंग सेंटर 'ज्ञानगुड़ी' ने एक बार फिर अपनी सफलता का परचम लहराया है। नीट परीक्षा में चयनित छात्रों और उनके शिक्षकों से मिलकर जिला कलेक्टर हरीस एस ने उन्हें सम्मानित किया और छात्रों को सलाह दी कि डॉक्टर बनने के बाद वे बस्तर में ही अपनी सेवाएं दें। राज्य के सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस प्रवेश के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। पहले दौर की काउंसलिंग में ही ज्ञानगुड़ी के तीन विद्यार्थी मानसी गोयल, चारुल और अंकुश का चयन शासकीय मेडिकल कॉलेजों में हो गया है। वहीं दो छात्राओं- श्रेया श्री मूर्ति और रूपल का चयन डेंटल कॉलेजों में हुआ है। इन छात्रों की इस उपलब्धि से जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग में उत्साह का माहौल है। कलेक्टर ने इन चयनित छात्रों के साथ-साथ उनके शिक्षकों श्रीनिवास राव, मनीष श्रीवास्तव, संजीव बिस्वास और प्रभारी अलेक्जेंडर एम चेरियन से मुलाकात की। उन्हें सम्मानित करते हुए कलेक्टर ने बधाई दी और छात्रों से कहा, डॉक्टर बनने के बाद बस्तर में ही अपनी सेवा दें। कलेक्टर और अन्य अधिकारी समय-समय पर ज्ञानगुड़ी में कोचिंग प्राप्त कर रहे छात्रों से सीधे मिलकर उन्हें प्रेरित करते रहते हैं, जिससे छात्रों का मनोबल ऊंचा रहता है।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल, एपीसी राकेश खापर्डे और नरेंद्र पाणिग्राही भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा उद्घाटित ज्ञानगुड़ी कोचिंग सेंटर में नीट, जेईई, नर्सिंग पीएटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी सरकारी शिक्षकों के माध्यम से निःशुल्क कराई जाती है। यह सेंटर ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के छात्रों को उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

जिला प्रशासन का मानना है कि ऐसे प्रयासों से बस्तर जैसे पिछड़े क्षेत्रों में चिकित्सा और इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में स्थानीय प्रतिभाओं का विकास होगा, जो अंततः क्षेत्र की सेवा में योगदान देंगी।



